तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 3 मई 2025



13 तूफान ने खोली आदिवासी छात्रावास निर्माण की



14 मास्टर एथलीटों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम






# तूफान और बारिश से फसल तबाह, बिजली व्यवस्था भी घंटों रही चौपट


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला।

क्षेत्र सहित वनांचल में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी तूफान के साथ लगभग एक घंटे तक बारिश हुई। मालूम हो कि गुरुवार को रसेला का सप्ताहिक बाजार होने आंधी तूफान और बारिश के चलते हाट बाजार करने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई और लोग सुरक्षित जगह ढुढने इधर उधर दौड़ने लगे। साथ ही साथ पूरे क्षेत्र में जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

गुरुवार शाम 5 बजे के बाद आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगी। इसके तुरंत बाद जोरदार बारिश शुरू

**रसेला क्षेत्र में मौसम में आए बदलाव से जन जीवन अस्त-व्यस्त**





हो गई। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए बारिश बंद होने का इंतजार घंटों करना पड़ा। बारिश और तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा। क्षेत्र के कई गांवों में तेज हवाओं के कारण बिजली खंभे गिरा तो कई जगह जगह पेड़ गिरे जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कई जगह खंभे क्षतिग्रस्त हो गया है धीरे-धीरे सुधार किया जाएगा। मौसम के इस प्रकोप से रबी फसल वाले किसानों का आंधी तूफान के कारण फसल पूरी तरह सो गए। हालांकि इस दौरान किसी जान ▶▶ शेष पेज 12 पर

**मौसम : लोहरसी में विशाल पेड़ गिरा घर पर, परिवार के सात सदस्य बाल-बाल बचे**

# तेज तूफान से अफरा-तफरी, घरों को नुकसान, बड़ी जनहानि टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/कोपरा

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत लोहरसी और आसपास के गांवों में गुरुवार शाम करीब 6 बजे अचानक आई तेज आंधी और तूफान ने तबाही मचा दी। तेज हवा के झोंकों ने घरों के छप्पर और दुकानों के टीन शेड को उड़ाकर दूर फेंक दिया। सड़क किनारे लगे पेड़ जड़ों से उखड़ गए, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग दहशत में अपने घरों में छिप गए। गनीमत रही कि जान-माल की बड़ी क्षति नहीं हुई, वरना हादसे और भी भयानक हो सकते थे।

■ तेज हवाओं में उड़े टीन शेड और छप्पर, भय और बारिश में बीती ग्रामीणों की रात

दूज लाल सतनामी, निवासी लोहरसी, ने बताया कि आंधी के वक्त उनके घर पर एक विशाल बाबुल का पेड़ गिर गया। उस समय उनके घर में सात लोग मौजूद थे। खाना खाने ही वाले थे कि तेज धमाके के साथ पेड़ छप्पर पर गिरा। सभी घबराकर बाहर निकले और जान बचाई। नोखेलाल पटेल के घर पर लगा टीन शेड हवा में उड़ गया और घर के आंगन में गिरा। उन्होंने बताया कि यदि टीन बाहर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। पंचू तार के घर की रसोई की पूरी छत तेज हवा में उड़ गई। वे ▶▶ शेष पेज 12 पर





### नर्सरी और सड़कों पर भारी नुकसान

गांव में स्थित सामाजिक वानिकी नर्सरी में सैकड़ों पेड़ गिर गए। सड़कों पर बड़े-बड़े पेड़ों के गिरने से कई जगहों पर जाम की स्थिति बन गई। विवाह सीजन होने के कारण बारातियों को रास्ते में घंटों फंसे रहना पड़ा।

### सरपंच ने निभाई जिम्मेदारी

गांव के सरपंच लोमस साहू ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी मशीन बुलाकर सड़कों से गिरे पेड़ों को हटवाया। उन्होंने गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हिम्मत बंधाई। ग्रामीणों ने उनके कार्य की सराहना की।

### प्रशासन से राहत की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि उनके उजड़े आशियानों का शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे पुनः अपने जीवन को पटरी पर ला सकें।

### बिजली व्यवस्था चरमराई ग्रामीणों में आक्रोश

तेज तूफान से पहले ही दोपहर एक बजे बिजली काट दी गई थी और रातभर बिजली गुल रही। आंधी-तूफान से कई बिजली के पोल धराशायी हो गए। समाचार लिखे जाने तक कई गांव अंधेरे में डूबे हुए थे, जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश है।

# तेज आंधी ने मचाई तबाही 710 गांवों में बिजली ठप

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले में गुरुवार शाम को आए तेज आंधी-तूफान ने जन-जीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। करीब 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने जहां पेड़, बिजली के खंभे और तार गिरा दिए, वहीं कई इलाकों में घरों को भी नुकसान पहुंचा। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, अब भी जिले के 710 गांव और 6 नगरीय निकायों में बिजली पूरी तरह से बंद है। कुछ क्षेत्रों में 18 घंटे बाद बिजली बहाल होने की खबर मिली है, लेकिन अधिकांश गांव और कस्बों में शुक्रवार शाम तक भी अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार फॉल्ट ढूंढने और लाइन सुधारने में लगे हुए हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर हुई क्षति के कारण बहाली में वक्त लग रहा है।

**बिजली के खंभे और तार बुरी तरह क्षतिग्रस्त-** आंधी के कारण कई जगहों पर बिजली के खंभे जमींदोज हो गए हैं और HT लाइन के तार पूरी तरह टूट चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां न तो रात में रोशनी थी और न ही दिन में पंखा या पानी की सुविधा उपलब्ध रही।



फाइल फोटो

■ बिजली खंभे गिरे, छप्पर उड़ गए, अब भी बना है डर का माहौल

**अब भी बना हुआ है डर का माहौल-** तूफान के बाद ग्रामीणों में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है। घरों के टूटे छप्परों के बीच लोग असहाय बैठे हैं। आकाश में फिर से बादल और तेज हवाओं की संभावना को देखकर लोग आशंकित हैं।

**मौसम विभाग की चेतावनी:** राहत नहीं, आगे भी आफत संभव मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में फिर से तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। जिले में प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और लोगों से भी अपील की गई है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और खराब मौसम के दौरान बाहर निकलने से बचें।

## खबर संक्षेप

### 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों के होंगे आयोजन

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश के साथ-साथ गरियाबंद जिले में भी सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किया गया है। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने तृतीय चरण के लिए समाधान शिविर आयोजन हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जनपद पंचायत सीईओ को शिविरों के सुचारू आयोजन के निर्देश दिये है।

### देसी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** देशी प्लेन शराब की बिक्री करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तुमगांव थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम पासिद में भंवर सिंह ध्रुव नाम का व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी भंवर सिंह ध्रुव पिता स्व हृदय ध्रुव (65 साल) पासिद के कब्जे से 25 नग देशी प्लेन शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**महासमुंद।** खेत की ओर जा रहा एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सरायपाली पुलिस को संतोष कुमार साहू ने बताया कि 29 अप्रैल उसका लड़का आनंद राज साहू (13 साल) अपने दोस्त शायन मंडल जगन्नाथ विहार के आगे खेत तरफ जा रहा था। जगन्नाथ विहार के पहले मेन रोड झिलमिला के पास पहुंचने पर वितरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1689 के चालक चमन सिदार निवासी सेंटपारा झिलमिला सरायपाली अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल चल रहे उसके बेटे आनंद राज साहू को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने 23 वर्षीय प्रिंस कुमार दुबे पिता बीरेंद्र कुमार दुबे उत्तर पश्चिम दिल्ली नरेला निवासी तथा 28 वर्षीय मोसिन उर्फ मोहसिन पिता सलीम कलियर हरिद्वार निवासी को एनडीपीएस एक्ट के अपराध में धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन के पास मेन रोड एनएच 353 भीमखोज में एक भूरे रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों से पूछताछ की, उनके पास रखे एक बड़े भूरे रंग के बैग में 7 पैकेटों में लिपटा हुआ गांजा बरामद किया गया। जिसका वजन 25 किलो था। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां अपराध सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

# घटारानी जंगल गैंगरेप केस : कोर्ट ने दो को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**गैंगरेप केस में हुआ त्वरित न्याय, पीड़िता को मिला इंसाफ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के समीपस्थ घटारानी जंगल में युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया है। फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात के दोनों दोषियों को विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

आरोपियों ने 2023 में युवती को डरा-धमका कर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। यह मामला वर्ष 2023 का है, जब गरियाबंद जिले के फुलझर जमाही पास प्रसिद्ध घटारानी मंदिर के जंगल में एक युवती के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया था,युवती अपने एक पुरुष मित्र के साथ वहां घूमने गई थी, तभी छुईहा गांव निवासी महेंद्र सिन्हा और जोगीडीपा निवासी राजू यादव



ने पहले उसके दोस्त से मारपीट की और फिर युवती से लूटपाट कर, उसे डरा-धमकाकर जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

घटना के बाद पीड़िता ने फिंगेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मजबूत साक्ष्य जुटाए और चार्जशीट तैयार की. आखिरकार न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर कलेक्टर और एसपी की संयुक्त समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर बीएस उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नवीन कानूनों के क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों की प्रथम समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवीन अपराधिक कानून भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2024 से लागू किए गए हैं। ये कानून भारतीय दण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करते हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने नवीन आपराधिक



**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा और सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष जोर दिया**

कानूनों के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, जन सामान्य में जनजागरूकता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा और सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष जोर दिया है। बैठक में अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, एसडीएम गरियाबंद श्रीमती ऋषा ठाकुर, एसडीएम डॉ. तुलसी राम मरकाम, एसडीओपी सुश्री निशा सिन्हा, एनआईसी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि कानूनों का अक्षरशः पालन हो इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने नवीन कानूनों के क्रियान्वयन के तहत प्रकरणों की सुनवाई निर्धारित प्रक्रिया से शीघ्रता से हो इसके लिए जिले के शासकीय अस्पताल, जेल, बैंक, एफएसएल और अन्य प्रमुख कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा होना आवश्यक है। कलेक्टर श्री उइके ने सभी आवश्यक व्यवस्थायें यथाशीघ्र सुनिश्चित करने कहा है।

**वनांचल में आज भी जीवंत है बांस शिल्प संस्कृति, विवाह अवसरों पर बढ़ी मांग**

# बांस शिल्प से संवर रहा वनांचल का जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

वनांचल आदिवासी क्षेत्र में आज भी बांस से बने सामग्रियो का ही ज्यादा उपयोग करते है, बाजार मैनपुर में बांस से निर्माण किये गये बर्तन आसानी से उपलब्ध हो जाते है, खासकर अनेक धार्मिक अवसरों, शादी विवाह में बांस के बर्तन का वि"ाश उपयोग किया जाता है, बांस वृक्ष को काटकर बनाये गये बर्तनो की मांग आज भी क्षेत्र में देखी जाती है, खासकर शादी विवाह के अवसर पर बांस के बर्तन पर्रा, झाल, चटाई की मांग काफी बढ़ जाती है।

इन दिनों शादी विवाह के कारण बांस बर्तनों की मांग बढ गई है मैनपुर आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र के बिहड़ जंगलो में आदिवासी कमार जनजाति के लोग निवास करते है और कमार जनजाति के लोग बांस के बर्तन बनाते है जिसे मैनपुर सोमवार सप्ताहिक बाजार मे लाकर बेचा जाता है, यह बांस बर्तन उनका परंपारिक पुस्तैनी व्यवसाय है और इस बांस बर्तन से होने वाली आमदनी से जीविका उपार्जन करते है, बांस के सामानो की मांग आज बाजार में काफी देखी जाती है बांस से कई तरह के सामान बनते है जैसे टोकरी, पर्रा, चटाई, झाडू, पंखा, दीवार में टांगने का सजावटी सामान, संदूक, छाते के हैण्डल व तरह –तरह के खिलौने बनाये जाते है, वर्तमान में इसी तरह के प्लास्टिक के सामान भी बाजार में उपलब्ध है बावजूद इसके लोग बांस के सामान पर अधिक आकर्षित होते है और शादी विवाह के साथ त्यौहारो में विभिन्न रस्मो मे बांस के सामान का उपयोग होता है। मैनपुर वंनाचल क्षेत्र में विशेष पिछडी कमार जनजाति के लोग निवास करते है, और कमार जनजाति के लोगो का ▶▶ शेष पेज 12 पर

### लाखों रूपये का कारोबार होने की उम्मीद



एक महीनें तक बंद रहे लग्न और शुभकार्यों के बीच 14 अप्रैल से एक बार फिर से बाजारों में रौनक दिखने लगी है इस वर्ष शादियों की संख्या में भी वृध्दि हुयी है, इसके साथ ही बाजार का कारोबारी दायरा बढ़ने का भी अनुमान है वहीं ज्वेलरी, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, वाहन बाजार में लाखों रूपये का कारोबार होने की उम्मीद है ग्रामीण क्षेत्रें में स्थानीय बाजार भी विवाह हेतु आवश्यक सामाग्रियों से सज गयी है। विदित हो कि लग्न को देखते हुये रेडीमेड कपड़ा कारोबार बेहतर दिख रहा है। लहंगा, शेरवानी, शूट से लेकर बनारसी, कांजीवरम एवं अन्य प्रकार की साड़ियों की मांग अधिक दिखाई दे रही है। आजकल विवाहों में इवेंट का भी बोलबाला है। इस वजह से हल्दी, संगीत, पूल पार्टी, बैचलर पार्टी को लेकर भी अलग–अलग मौके के अनुरूप कपड़े का उपयोग करने के चलते भी कपड़े का कारोबार में भारी भीड़ दिखाई दे रही है लग्न को लेकर मनचाहे वाहनों के साथ–साथ आभूषणों की भी डिमांड अधिक है। स्वर्ण आभूषणों की डिमांड, सोने के बढ़ते रेट पर हावी हो रहा है शादी विवाह के लिए चार पहिया वाहनो की बुकिंग एक माह पहले से हो गई है।

# महुआ पेड़ है ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

महुआ का पेड़ एक ऐसा पेड़ है जिसमे फुल एवं फल के रूप में दो बार नगदी फसल मिलती है इस पेड की हर चीज लोगो के काम आती है जब की इसके पेडो के रख रखाव या रोपण करने की आवश्यकता नहीं होती। महुआ पेड़ स्वतः किसानो के खेतो एवं जंगलो मे इसके पौधे उगते है। जिससे ग्रामीणो को दो बार किमती एवं नगदी फसल मिलती है।

एक डेढ़ माह पूर्व इसी महुआ पेड से फुल को ग्रामीणो ने एकत्र किया था। अब इसी पेड से ग्रामीण टोरी जो उसका फल है वह लग चुका है और आने वाले कुछ दिनों में टोरी फल का संग्रहण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। महुआ को ग्रामीण क्षेत्र मे पकवान के रूप मे भी प्रयोग करते है



साथ ही महुआ शराब बनाने के मुख्य कार्य मे लाया जाता है और इसके फल टोरी से तेल निकलते है। यह तेल काफी गुणकारी बताये जाते है इतनी ही नही महुआ पेड का हर भाग उपयोगी है। इसके पत्ते से जहा लोग दोना पत्तल बनाते है वही पेड से इमारती लकडी भी प्राप्त करते है आयुर्वेद में भी इसका खासा महत्व है खाज खुजली सहित अनेक चर्म रोग भी इसके छिलके को उबालकर पानी को इलाज के रूप मे उपयोग करते है ।

# उपार्जन केंद्रों से धान उठाने उठाने की अवधि माहभर पहले खत्म, अब तक 30 जिलों में जमा है स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान को उपार्जन केंद्र यानी खरीद केंद्र से उठाने के लिए सरकार ने 31 मार्च तक की अवधि तय की थी। यह समय सीमा बीते अब एक महीना पूरा हो गया है, लेकिन राज्य के 33 में से 30 जिलों के सैकड़ों उपार्जन केंद्रों में धान का स्टॉक जमा है। खास बात ये है कि इस बीच 14 नवंबर से धान खरीदी होने के बाद साढ़े चार महीने बीत चुके हैं। इस बीच भारी गरमी की वजह से धान सूखा और उसका वजन भी कम हो गया है, इसकी पूरी जिम्मेदारी सोसायटियों के प्रबंधकों पर आ गई है। उन्हें धान या धान की कीमत देने के लिए दवाब डाला जा रहा है, अगर ऐसा नहीं किया तो एफआईआर करने की चेतावनी भी दी गई है।

■ 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाना था धान



## 1 लाख 39 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं

राज्य में इस समय तक यानि 1 मई की स्थिति में राज्य के उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 39 हजार 985.75 मीट्रिक टन धान जमा है। राज्य केवल तीन जिले ऐसे हैं जहां उपार्जन केंद्रों से पूरा धान उठाया जा चुका है। इन जिलों में जांजगीर चांपा, कोरिया और सरगुजा शामिल हैं। बाकी के सभी 30 जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मार्कफेड के रिकार्ड में नजर आ रही है। कई जिलों में अधिक कुछ में यह मात्रा कम है। इस बीच पिछले दो-तीन दिनों से बेमौसम बारिश से धान भीगने का खतरा हो गया है। अभनपुर के समीप जौंदा में मार्कफेड के संग्रहण केंद्र में रखा धान भीगने की जानकारी मिली है। यहां धान का स्टेक खुला है और धान भीगा है।

## 31 मार्च तक उठाना था धान

राज्य में धान खरीदी शुरु होने के पहले सरकार ने एक नीति जारी की थी। इस नीति में कहा गया था कि खरीद केंद्र में भंडारित समस्त धान को मार्कफेड द्वारा 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से उठाया जाए। इसी नीति में ये भी साफ किया गया है कि उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान के लिए कोई सूखत की मात्रा मान्य नहीं होगी। यह भी कहा गया था कि जिन केंद्रों में बफर लिमिट हो वहां धान का यथाशीघ्र उठाव करना है।

## सोसाइटी संचालकों पर संकट

राज्य के उपार्जन केंद्रों से धान का स्टॉक उठाने में देरी से सोसाइटियों के प्रबंधकों पर भारी परेशानी आई है। दरअसल साढ़े चार महीने धान जमा होने इस बीच भीषण गर्मी पड़ने से धान सूखा है और उसका वजन कम हुआ है। अब सोसाइटी प्रबंधकों से कहा जा रहा है कि वे या कम हुए धान की मात्रा के बराबर धान जमा कराए, या 2300 रुपए क्विंटल के हिसाब से राशि जमा करें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार अकेले रायपुर जिले की सोसाइटियों में करीब 12 करोड़ के धान की कमी आई है। इस संबंध में प्रबंधकों को नोटिस जारी की गई है। इस मामले को लेकर दो दर्जन से अधिक सोसाइटियां हाईकोर्ट की शरण में गई है। बताया गया है कि इन मामलों पर हाईकोर्ट से 5 मई को फैसला आ सकता है।

## खबर संक्षेप



### बर्खास्त बीएड शिक्षकों के जीवन में लौटी खुशियां, सीएम से मिले

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल से छत्तीसगढ़ के 26 सौ से अधिक बीएड अर्हताधारी बर्खास्त सहायक शिक्षकों के जीवन में खुशियां लौट आई हैं। प्रदेश सरकार ने बर्खास्त शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले से राज्य के 2600 से अधिक युवाओं का भविष्य एक बार फिर संवर गया है। मुख्यमंत्री से आज मुख्यमंत्री निवास में बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनसे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री के साथ आपके नौकरी के संबंध में लगातार चर्चा होती थी। हमारे मुखिया इतने संवेदनशील है कि उन्होंने पहले ही दिन कहा था कि जितना भी आर्थिक बोझ पड़े राज्य सरकार अपने युवाओं के भविष्य को खतरे में नहीं डालेगी।

### पहलगाम पीड़ित मिरानिया परिवार को सरकार देगी 20 लाख रुपए : सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि राज्य सरकार दिवंगत दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में रायपुर के दिनेश मिरानिया की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए इसे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति कहा। उन्होंने कहा कि पूरा छत्तीसगढ़ इस दुःखद घड़ी में मिरानिया परिवार के साथ है। यह केवल एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की क्षति है। श्री साय ने कहा कि जो आतंकवादी इस जघन्य कृत्य के दोषी हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि देश की सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करेंगी।

### रायपुर में गीता महादान कार्यक्रम जल्द



**रायपुर।** रामराज फाउंडेशन द्वारा जल्द ही रायपुर में "गीता महादान" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्पिरिचुअल स्पीकर्स के साथ रॉक बैंड को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर गीता पुस्तक के साथ ऑडियो टेप का भी वितरण किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति गीता ज्ञान को जीवन में उतार सके। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि यदि किसी आम नागरिक को रास्ते में कोई जरूरतमंद दिखाई देता है तो वह हमसे संपर्क करता है। इंस्टाग्राम या व्हाट्स एप द्वारा हम 300 से 500 लोगों के लिए तुरंत प्रसादम तैयार कराकर अपनी टीम के माध्यम से निशुल्क वितरण कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। संस्था में सेवाभावी एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं।

## निगम आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के सीएमओ को परिपत्र जारी

**डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए पानी का जमाव हटाने के निर्देश**

# सभी नगरीय निकायों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने इसके लिए सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। विभाग ने कहा, मौसमी बीमारियों एवं दूषित पेयजल से होने वाले रोगों के प्रति सचेत रहते हुए इनकी रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संचालनालय से सभी निकायों को जारी परिपत्र में 15 जून के पहले नलकूप स्त्रोतों को क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा गया है कि नगरीय निकायों में स्थापित एवं संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का संधारण तथा शहरों की उच्च स्तरीय पानी टंकियों की सफाई का काम 10 जून तक पूर्ण करें। विभाग ने जल प्रदाय वाली पानी टंकियों की साल में कम से कम दो बार सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। टंकी सफाई की तिथि टंकी के कालम में अंकित किया जाए। नगरीय प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए कि जल प्रदाय के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारे। सार्वजनिक नलों और हैण्डपम्पों के आसपास पर्याप्त सफाई रखने तथा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि निकाय में स्थापित होने वाले नवीन हैण्डपम्पों को भविष्य में संधारण के लिए सूचीबद्ध करें। डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए खाली जगहों में जमा पानी, कूलर, पानी की टंकी, बर्तन, फ्रीज के ट्रे, टॉयर तथा अन्य वस्तुओं में पानी के जमाव को खाली कर साफ-सुथरा रखने के भी निर्देश विभाग ने नगरीय निकायों को दिए हैं।




### पेयजल में क्लोरीन की मात्रा की करें जांच

सतही स्त्रोत पर आधारित पेयजल योजनाओं में जल उपचार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में करने के बाद क्लोरीनयुक्त जल शहरों में प्रदाय किया जाता है। सामान्यतः इस प्रकार की व्यवस्था में पानी के दूषित रहने की संभावना नहीं रहती है जब तक कि वितरण प्रणाली में बाहर से गंदा पानी न मिल रहा हो। विभाग ने अभियान चलाकर वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों के सभी जल नमूनों की पुनः जांचकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पम्पिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के लीकेजों की तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### पानी दूषित मिलने पर करें जीवाणुरहित

नगरीय प्रशासन विभाग ने नलकूपों पर आधारित पेयजल योजनाओं में नलकूप स्त्रोत, सम्पवेल, उच्च स्तरीय टंकी एवं वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों से पेयजल नमूना एकत्र कर हाइड्रोजन सल्फाइड किट के माध्यम से जांच करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर जल का नमूना दूषित पाए जाने पर ब्लीचिंग पाउडर के घोल या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर जीवाणुरहित करें। जीवाणुरहित करने के एक सप्ताह बाद पुनः उसका परीक्षण करें। जल के नमूने के पुनः दूषित पाये जाने पर विस्तृत जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजें तथा आवश्यक मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर का घोल उच्च स्तरीय टंकी में डालने के बाद ही जलप्रदाय करें।

### कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच के लिए लें सैंपल

पेयजल में कोलीफार्म बैक्टीरिया की नियमित जांच के लिए तीन स्थानों से सैंपल लेकर जांच करना चाहिए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट के बाद प्राप्त होने वाले जल का प्रत्येक घंटे में, स्टोरेज टंकियों से प्रतिदिन दो बार और प्रत्येक बस्ती के कम से कम दो-तीन घरों से प्रतिदिन पानी का सैम्पल लेकर कोलीफार्म बैक्टीरिया की जांच की जाना चाहिए। जल के नमूने में कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर उस जल स्त्रोत से पेयजल का प्रदाय तत्काल रोक देना चाहिए। जल सैम्पल की जाँच में कोलीफार्म अनुपस्थित होने पर ही पेयजल का दोबारा प्रदाय प्रारंभ किया जाये।

### लगातार करें निरीक्षण

विभाग ने पेयजल में रेसीड्यूवल क्लोरीन न मिलने या कोलीफार्म बैक्टीरिया मिलने पर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके निराकरण के लिए अवगत कराएं। नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी जगहों पर संधारित रजिस्टरों का निरीक्षण कर हस्ताक्षर भी करना है।

**मुख्यमंत्री कल करेंगे भूमिपूजन**

# नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 मई को सवेरे 11.30 बजे अटल नगर नवा रायपुर स्थित सेक्टर-22 में एआई डेटा सेंटर पार्क का भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस एआई एक्सक्लूजिव डाटासेंटर पार्क की लागत 1000 करोड़ रुपए होगी, यह 13.5 एकड़ में होगा। इसमें 2.7 हेक्टेयर एरिया स्पेशल इकानामिक जोन के विकास के लिए होगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि दुनियाभर में डाटा सेंटर की मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस की बुनियाद डाटा सेंटर पर होती है। रैस बैंक डाटा सेंटर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसका भूमिपूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार कोर सेक्टर के साथ ही



आधुनिक जमाने के अनुरूप नये उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संकल्पित रूप से काम किया जा रहा है। बीते दिनों प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए भी भूमिपूजन किया गया। इसकी लागत 1163 करोड़ की है।

### रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी

उल्लेखनीय है कि डाटा सेंटर एआई को संचालित करने के लिए सबसे उपयोगी टूल होते हैं। एआई लार्ज लैंग्वेज माडल पर काम करते हैं और डाटा माइनिंग का काम करते हैं। जब भी डाटा माइनिंग होती है बड़े पैमाने पर ऊर्जा लगती है और इसके लिए डाटा सेंटर उपयोगी होते हैं। भविष्य की प्रगति इस बात पर निर्भर है कि हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर किस तरह से आगे बढ़ेंगे। भारत अपना स्वयं का एआई माडल तैयार कर रहा है। अटल नगर में डाटा सेंटर के आने से रोजगार की बड़ी संभावनाएं भी पैदा होगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा एनर्जी समिट किये गये हैं जिससे छत्तीसगढ़ देश के पावर हब बनने की दिशा में बढ़ेगा। ऐसे में डाटा सेंटर पार्क के माध्यम से इस संभावना का भरपूर उपयोग हो सकेगा।

## महतारी वंदन योजना की किस्त जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मई की पंद्रहवीं किस्त का भुगतान जारी कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी। अब तक लगातार 15 माहों में 9788.78 करोड़ रुपये की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

■ 69 .32 लाख हितग्राहियों को 648 करोड़ से अधिक सहायता राशि जारी

### आधार कार्ड अपडेट कराने की अपील

महिला एवं बाल विकास विभाग ने हितग्राही महिलाओं से अपील की है कि वह अपना आधार कार्ड अपडेट कराएं, ताकि राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। ज्ञात हो कि आधार कार्ड को हर 10 वर्षों में अपडेट करना अनिवार्य है। कई हितग्राहियों का भुगतान आधार इनएक्टिव होने के कारण निरस्त किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आधार केंद्र में जाकर पहचान एवं निवास प्रमाणपत्र के साथ आधार अपडेट कराना आवश्यक है, ताकि आगामी किस्त का भुगतान सुनिश्चित हो सके।

## बीएड शिक्षकों के समायोजन में 5-6 माह लगने की संभावना

**रायपुर।** राज्य सरकार ने बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के रिक्त पदों पर समायोजित करने का निर्णय लिया है। समायोजन के लिए जिलों की प्राथमिकता में पहले राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों के रिक्त पदों में उसके बाद सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर तत्पश्चात अन्य जिलों में समायोजन किया जाएगा। न्यूनतम अर्हता रखने वालों पहले मौका दिया जाएगा, उसके बाद अन्य लोगों का क्रम से समायोजन होगा। प्रक्रिया पूरी होने में पांच-छह माह का समय लगने की संभावना है। बताया गया है कि विज्ञान प्रयोगशाला सहायक के लिए न्यूनतम अर्हता बायोलॉजी विषय के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। जो बीएड सहायक शिक्षकों में से कई यह अर्हता नहीं रखते, उनको 3 साल में अर्हता पूरी करनी होगी। कैबिनेट में अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए 2621 बीएड सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा। कला, विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी।

■ 69.32 लाख हितग्राहियों को 648 करोड़ से अधिक सहायता राशि जारी

**कैसे किया जाएगा समायोजित :** इसके साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एससीईआरटी के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए पदों का सृजन किया जाएगा।

# साय बोले- वक्फ बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं

## व्याख्यान माला में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संशोधित वक्फ बिल के फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वक्फ सुधार जनजागरण अभियान समिति रायपुर द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 विषय पर मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित व्याख्यान माला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुराने वक्फ बिल की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास नए वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के माध्यम से किए जा रहे हैं, ताकि मुस्लिम समुदाय के पिछड़े और गरीब तबके के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके और उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 मुसलमानों के हित में है और इसका लाभ सभी मुसलमानों को होगा। यह बिल मुस्लिम समाज के विरोध में नहीं है। विषय-विशेषज्ञों एवं समाज के सभी तबके से सलाह मशवरा कर यह कानून लाया गया है।

व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से रिफार्म किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो या ट्रिपल तलाक जैसे कानूनों को समाप्त कर मुस्लिम समाज के महिलाओं को हक दिलाने की बात हो, यह सभी कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुए हैं। अब वक्फ बिल के माध्यम से पिछड़े मुसलमानों को उनका हक दिलाते हुए वक्फ बोर्ड की गड़बड़ियों को दूर कर सकारात्मक सुधार का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. जितेंद्र ने कहा, हमारी सरकार का प्रयास है कि वक्फ के माध्यम से समाज के वास्तविक लोगों को ही इसका फायदा मिल सके। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से यूपीए सरकार द्वारा आनन-फानन 2013 में वक्फ कानून में किए संशोधन से हुए नुकसान एवं विसंगतियों के बारे विस्तृत से जानकारी दी। साथ ही वर्तमान वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 से होने वाले फायदों एवं विसंगति प्रावधानों के हटाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा, आज वक्फ कानून के संबंध में जो गलतफहमी समाज में फैलाई जा रही है, उससे हम सब को बचना है और नए वक्फ कानून की वास्तविकता को पहचाना एवं जानना है। हमारे विभाग द्वारा भी जिला स्तर से लेकर विकासखंडों तक ऐसे जागरण या व्याख्यान माला का आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर में पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, धमतरी महापौर रामू रोहरा छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज सहित मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी विशिष्ट पहचान : नेताम

# जनजातीय संग्रहालय नवा रायपुर में बनकर तैयार म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक नवा रायपुर में देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय लगभग बनकर तैयार हो चुका है। आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम ने इसका निरीक्षण किया। यह ट्रायबल म्यूजियम छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन शैली, संस्कृति एवं परंपरा पर आधरित है। एक ही छत के नीचे तैयार हो रहे म्यूजियम में छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपरा से पर्यटक रूबरू हो सकेंगे। मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण के दौरान कहा, संग्रहालय के मूर्त रूप में आ जाने के बाद निश्चित ही छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। जल्द ही



आदिवासियों की जीवन शैलियों पर आधारित म्यूजियम पर्यटकों के लिए समर्पित होगा। इसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बताया कि म्यूजियम के निर्माण में डिजिटल तकनीक एवं एआई की मदद ली जा रही है। सभी पारंपरिक सामग्रियों का क्यूआर कोड तैयार कराया जा रहा है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही उस विधा-सामग्री की पूरी जानकारी मोबाइल पर देखी जा सकेगी। इस मौके पर विभाग के आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, टीआरआई के संचालक जगदीश कुमार सोनकर, उप सचिव बीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता त्रिदीप चक्रवर्ती सहित विभागीय इंजीनियर और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में 42 प्रकार की जनजातियां

गौरतलब है कि यह ट्रायबल म्यूजियम में जनजातीय जीवनशैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति (देवगुड़ी), उनकी वेशभूषा, उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताओं को जीवंत प्रदर्शित किया गया है। छत्तीसगढ़ में 42 प्रकार की जनजातियां मुख्यतः निवास करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 72 लाख व शहरी क्षेत्रों में लगभग 5 लाख जनजाति जनसंख्या निवास करती है।

## टॉप राज्यों की दौड़ में बनाई नई पहचान, मुख्यमंत्री ने जताया गर्व

**रायपुर।** केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में छत्तीसगढ़ ने 3 स्थान की छलांग लगाई है। शासन, सामाजिक विकास और आर्थिक मजबूती के दम पर राज्य 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचा है। देश के बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ ने केयरएज स्टेट रैंकिंग 2025 में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराया है। 2023 की तुलना में इस बार राज्य का समग्र स्कोर 34.8 से बढ़कर 40.9 हो गया है। इस प्रगति ने दिखा दिया कि छत्तीसगढ़ अब शासन, आर्थिक प्रबंधन और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि को सभी छत्तीसगढ़वासियों की जीत बताया। उन्होंने कहा, यह आंकड़े हमारी पारदर्शी नीतियों, जन-भागीदारी और जन-सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम हैं।

## पेज 11 के शेष...

### तूफान और बारिश...

माल के नुकसान की खबर नहीं है। लेकिन पेड का क्षतिग्रस्त होना प्रकृति के प्रकोप की भयावहता को दर्शाता है। रसेला सहित क्षेत्र में आएं इस अप्रत्याशित मौसम के बदलाव ने सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सामाचार लिखे जाने तक कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुआ था। विधुत विभाग द्वारा क्षेत्र के अन्य सभी फीडर में विधुत आपूर्ति सुचारू करने के लिए प्रयास जारी हैं। आंधी तूफान और बारिश का असर तेंदूपत्ता पर भी पड़ा है, क्योंकि शुक्रवार से तेंदूपत्ता संग्रहण की शुरुआत होनी थी, लेकिन खराब मौसम ने इस कार्य को पूरी तरह प्रभावित किया। लोगों ने कहा कि 10 साल बाद ऐसी आंधी की रफ़्तार 74 किमी प्रति घंटा से चली हवा जमकर तबाही मचाई है।

### तेज तूफान से...

और उनकी पत्नी एक कोने में बैठकर आंधी का तांडव देखते रहे, जान बचाना मुश्किल हो गया था। भारत सतनामी के घर की छप्पर भी पूरी तरह उड़ गई। तेज बारिश के कारण पानी घर में भर गया। उन्होंने छप्पर पर लगी आग को किसी तरह बुझाया और रात पास के एक घर में बिताई।

### बांस शिल्प से...

पुस्तैनी व्यवसाय बांस के बर्तन बनाना है, तथा यहा उनके अजीविका का प्रमुख साधन है, बांस से बने सुपा, टोकरी, परर आदि बनाकर हाट् बाजारो में विक्रय करते है जिससे उन्हे अच्छी खासी आय होती है, पूर्व में जंगल में आसानी से बांस मिलता था, लेकिन अब बांस के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

खबर संक्षेप

## राहुल गांधी के संघर्ष का परिणाम है जातीय जनगणना: संजय नेताम



**मैनपुर।** भाजपानीत केंद्र सरकार ने आखिरकार जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संघर्षों का नतीजा है। लगातार सड़क से सदन तक कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में पिछड़े, दलित शोषित और वंचित वर्ग की आवाज बुलंद की थी। यह लड़ाई नेतृत्व और समानता की थी। यह फैसला आखिरकार केंद्र सरकार को लेना पड़ा। इसकी मांग राहुल गांधी लंबे समय से कर रहे थे। यह आंकड़ों को इकट्ठा करने की बात नहीं थी, प्रतिनिधित्व की भी लड़ाई थी। देश में रहने वाले हर व्यक्ति को उसके आबादी के अनुरूप उसका प्रतिनिधित्व मिले, उनका अधिकार मिले इसके प्रयास के लिए राहुल गांधी ने लंबा संघर्ष किया है। राहुल गांधी के नेतृत्व और संघर्ष का नतीजा है कि यह फैसला आज सरकार को लेना पड़ा।

## नल के पाइप से प्यास बुझाता कौआ की जोड़ी



**मैनपुर।** दिन में तेज धूप और भीशण गर्मी से जहां लोग परेशान हो गये है वही पशु पक्षी भी परेशान होते नजर आ रहे है मैनपुर नगर में नल के पाइप से लिकेज पानी की धार से कौआ की जोड़ी प्यास बुझाता नजर आ रहा है इस तस्वीर को हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद किया।

## विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का जन्मदिवस 1 मई को टाउन हाल में एक सामान्य कार्यक्रम में मनाया गया। अपने जन्मदिवस पर नपाध्यक्ष साहू ने सुबह मां महामाया की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। दोपहर 12 बजे स्थानीय लोहिया चौक में आयोजित मजूदर दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए तथा मजूदरों को विश्व मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। पश्चात, उनके जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं की ओर से एक सामान्य भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन टाउन हाल में आयोजित की गई थी। जिसमें नपाध्यक्ष साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में पूरे 30 वार्डों के हजारों नागरिकों ने नपाध्यक्ष साहू से भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पूर्व में ही कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, समर्थकों से अपील की थी कि उनके जन्मदिवस पर बेनर पोस्टर, आतिशबाजी या किसी प्रकार का मंचीय कार्यक्रम ना करें। उन्होंने फिजूलखर्ची रोकने के लिए पटाखे आदि आतिशबाजी न करने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया था। जिसके तहत कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन को यादगार बनाने टाउन हाल में एक सामान्य भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया था।

**लापरवाही :** कागजों में तैयार, धरातल पर बिखरा छात्रावास, निर्माण एजेंसी की भूमिका संदिग्ध

# तूफान ने खोली आदिवासी छात्रावास निर्माण की पोल, घटिया निर्माण पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



आदिवासी विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत तौरंगा में बने आदिवासी बालक छात्रावास जो 2006 में स्वीकृत हुआ था और लगभग 15 से 20 साल के लंबे वनवास के बाद खंडहर में तब्दील हो चुके भवन का जीर्णोद्धार कार्य के तहत टीना शेड का निर्माण कर इस बालक आदिवासी छात्रावास का निर्माण किया गया पर कल गुरुवार को आई आंधी तूफान ने इसके निर्माण और गुणवत्ता की पोल खोल कर रख दिया घटिया निर्माण की वजह से टीना उखड़ कर फेंका गया है और आसपास के दीवारों में दरारें आ गया है साथ ही घटिया निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बिखरे पड़े हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस प्रकार आदिवासी आयुक्त विभाग द्वारा संचालित इस आश्रम शाला में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर अब प्रश्न उठने लगे हैं।

अब इसमें संबंधित विभाग के ठेकेदार, इंजीनियर, अधिकारी सहित तमाम वे लोग जो निर्माण कार्य में देख रेख कर रहे। उनके कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। आंधी तूफान लगभग 6 बजे के आसपास आया आश्रम से लगे गांव में कोई हानि नहीं हुई न ही किसी के घर को ऐसा नुकसान हुआ पर शायद ऊपर वाला भी चाहता था की इसके निर्माण की सच्चाई निकल कर सामने आए। गनीमत रहा कि बालक आदिवासी छात्रावास के बच्चे परीक्षा के बाद घर चले गए थे। नहीं तो बहुत बड़ी अनहोनी घटना हो जाती केवल एक चौकीदार ड्यूटी पर तैनात थे। जो हवा तूफान देख सहम गया था। घटना के बाद इसकी जानकारी तत्काल उन्होंने आश्रम अधीक्षक को दी पर 24 घंटे बाद भी आश्रम अधीक्षक आश्रम शाला को झांकने भी नहीं आया इस तरह भगवान भरोसे चल रहे। इस आदिवासी छात्रावास का भगवान ही मालिक है। और लंबे अरसे बाद मुश्किल से बने आश्रम शाला भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसी का नतीजा है कि केवल खाना पूर्ति के लिए बनाए गए निर्माण कार्य अब क्या दोबारा बन पाएगा या फिर उसके लिए फिर अलग से फंड निकाल कर निर्माण किया जाएगा इस तरह विभाग को बैठे-बैठे और ठेकेदार को बैठे-बैठे कमाई के एक रास्ता मिल जायेगा इसमें फिर लाखों रुपए निकाल कर निर्माण किया जाएगा।

# शिक्षक-पालक बैठक में परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा एवं प्राथमिक शाला सरकड़ा में संयुक्त रूप से शिक्षक पालक बैठक आयोजित कर सत्र 2024–25 का परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण पालक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ उसके पश्चात प्रभारी प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल साहू ने बैठक में उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण पालक गण को बच्चों के परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। शाला में कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान प्रेम सागर बरिहा, दूसरे स्थान पर कुमारी कुमकुम साहू, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान पर कुमारी लेखनी सिन्हा, द्वितीय स्थान पर कुमारी पायल रही। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान पर खोमेश कुमार साहू 83.67 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर कुमारी रेणुका सिन्हा 82.67 प्रतिशत प्राप्त की। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है इसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया गया।परीक्षा परिणाम सुनकर बच्चों में उत्साह का वातावरण था व बहुत प्रसन्नचित्त थे।इस प्रकार शिक्षक पालक बैठक सफल रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल साहू, शिक्षिका लता सोनी, केसरी कुमारी, गिरिजा मारकम, जयप्रकाश सिन्हा, फागुन मतवाले समिति के सदस्य गण, पालक गण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## किसानों ने विधायक रोहित साहू से की ओलावृष्टि की शिकायत, मुआवजा दिए जाने की करी मांग



**फिंगेश्वर।** बहरापाल के किसानों ने ओलावृष्टि से धान की फसल को भारी मात्र मे क्षति होने से पीड़ित होकर राजिम विधायक रोहित साहू से उनके घर मे मुलाकात करते हुए शासन से क्षति हुई फसल के मुआवजा की मांग की। किसान तुलसीराम साहू सहित अन्य किसानों ने बताया कि खेतों मे फसल को लेकर किसान खाद दवा के साथ कटाई के तैयारी मे लगे हुए थे ऐसे समय मे बेमौसम हुई ओला वृष्टि से धान के पौधों की बालिया सो गई और पूरी तरह झड़ गई जिसके चलते किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस नुकसान की जानकारी तहसील कार्यालय मे दी जा चुकी है इसके बाद भी ओला वृष्टि से पीड़ित किसानों की सर्वे कर अतिशीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग राजिम विधायक रोहित साहू से किया गया है।आवेदन पर अतिशीघ्र कार्रवाई कराने का आश्वासन विधायक रोहित साहू ने दिया है।इस अवसर पर सरपंच,उपसरपंच सहित ग्राम के दर्जनो किसान उपस्थित थे।

# समिति प्रबंधक निरंजन सिंह ध्रुव की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आदिवासी विकास खंड छुरा के अन्तर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित टेंगनाबासा में तेंदू पत्ता तोड़ाई व प्रबंधक के सेवा निवृत्ति विषय को लेकर अति आवश्यक बैठक समिति कार्यालय टेंगनाबासा में रखी गयी थी। इस बैठक के मुख्य अतिथि गरियाबंद जिला के सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष व वनोपज जिला प्रतिनिधि नीलकंठ सिंह ठाकुर थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष चमार सिंह ठाकुर ने किया।

विशेष अतिथि बतौर कोठीगांव के प्रबंधक नोहर ध्रुव आमजन समिति के प्रबंधक मोहम्मद नशरूद्दीन खान,रसेला समिति से वर्तमान टेंगनाबासा के प्रभारी प्रबंधक केशव यादव एवं जिला यूनियन के सह प्रबंधक कुमारी प्रमीला ध्रुव प्रमुख रुप से उपस्थित थे।सेवा निवृत्ति होने से पहले प्रबंधक निरंजन सिंह ध्रुव ने सभी शासकीय अभिलेखो की जानकारी की जानकारी लेते हुए अपने 37 सालो की आप बीती सुनाई। कहा समिति के अन्तर्गत कुल 12 फड़ और मुन्शी तथा 11 संचालक सदस्यों का भरपूर प्रेम और सहयोग मिला।जिसके कारण कार्य कर पाया। समिति के अन्तर्गत सभी तेंदू संग्रहण कर्ता फड़ मुंशी,संचालक सदस्यों का भरपूर प्रेम व सहयोग मिला। उन्होने ने अपने कार्यकाल में जाने अनजाने किसी के साथ मत भेद मन भेद व कोई भी प्रकास से ठेस पहुचा हो तो क्षमा मांगे। मुख्य अतिथि वनोपज जिला प्रतिनिधि, आदिवासी नेता नीलकंठ सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रबंधक निरंजन सिंह ध्रुव ने सभी से अच्छा संबंध और समन्वय बना कर चला।बधाई के पात्र है।समिति प्रबंधक के संवैधानिक नियमानुसार सेवा निवृत्ति को प्राप्त हो रहे हैं।मेरा मानना है कि समिति से सेवा निवृत्त हुए समाज से नही।आज से सर्व समाज की सेवा के लिए आपका ज्वाइन हो गया है। अंत मे समिति सभी 11 गांव के बड़ो के मुंशियो को एक साथ अपने-अपने कम्पार्ट में तेंदू पत्ता के तोड़ाई मुनादी कर शुभारम्भ करने की अपिल की। एक मई के पूर्व पत्ता तोड़ाई करने वालो की पत्ता के कलर व स्तर देख कर वापस करने शासन प्रशासन का सख्त निर्देश हैं।

# परिपोषण पालन प्रशिक्षण बच्चों व महिलाओं के जीवन में ला सकता है बदलाव : अशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर पटेल समुदायिक भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मैनपुर देवभोग के समस्त परिवेक्षको का दो दिवसीय परिपोशण पालन के मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में गरियाबंद जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय भी शामिल हुए। उन्होनें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा परिपोशण पालन प्रशिक्षण महिला बाल विकास एक ऐसा कार्यक्रम है जो महिलाओ और बच्चो को पोशण पालन – पोशण और बाल विकास के बारे में जानकारी प्रदान करता है यह कार्यक्रम महिलाओ को अपने बच्चो की बेहतर देखभाल करने और उनके स्वास्थ्य विकास के लिए प्रेरित करता है। उन्होने कहा महिलाओ और बच्चो के स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। जिसके संबंध में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का संपूर्ण विकास विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक कुलदीप यादव के द्वारा दिया जा रहा है, कार्यशाला 2 दिवस का है आज प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में डीपीओ अशोक पाण्डेय के द्वारा सभी पर्यवेक्षकों को मार्गदर्शन दिया गया। जिससे हमारे जिला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नौ ननिहालों का विकास संपूर्ण रूप से किया जा सके। महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी पीके ठाकुर ने कहा इस कार्यशाला में बच्चो के उचित पालन पोशण के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान किया जा रहा है बच्चो के संज्ञानात्मक, समाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओ को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना, कार्यशाला में बच्चो के सर्वागीण विकास एवं समाज के सुनहरे भविष्य के रूप में तैयार करने हेतु उचित माहौल तैयार करने की जानकारी दी गई साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रो को बच्चो के अनुरूप तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने कहा परिपोशण पालन प्रशिक्षण महिला बाल विकास कार्यक्रम बच्चो और महिलाओ के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है यह कार्यक्रम बच्चो के स्वास्थ्य विकास और महिलाओ के सशक्तिकरण में मदद करता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सीडीपीओ पंचू राम ठाकुर, नीता अवधिया, लीलावती सेन, पदमनी सिन्हा कुमारी साहू, कविता ठाकुर, पुष्पा ध्रुव, ओमेश्वरी, नाजिया बानो, इंद्राणी, सुंदर ठाकुर, रुखमणि, मालती, धनेश्वरी, सोहागा बाई, सुनिल पटेल, हेमलाल प्रधान एवं बड़ी संख्या में पर्यवेक्षक उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### विधायक ने बोरे बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने श्रमिक दिवस 01 मई को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया। श्री ध्रुव ने बताया बासी छत्तीसगढ़ का एक पारंपरिक भोजन है जिसमें रात के बचे चांवल को पानी में भीगोकर रखा जाता है और उसे सुबह चटनी आचार के साथ खाया जाता है यह भोजन काफी लोकप्रिय है साथ ही गर्मी में ठंडकता प्रदान करता है। उन्होने कहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए 01 मई को बासी खाने की परंपरा की शुरूआत की थी। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, भूमिलता जगत, जीवन लाल, गेन्दु यादव एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिक्षा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**कोपरा।** शिक्षा पब्लिक स्कूल, कोपरा के कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और अभिभावकों का मान बढ़ाया है। परिणामों में छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की झलक साफ देखने को मिली। विद्यालय के टॉप प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी वैष्णवी चंद्राकर 83.50%, ऋद्धि सेन 82%, लक्ष्य तिवारी – 78%, नेहा साहू – 68% सहित सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं और उनके परिश्रम की सराहना की है। स्कूल की प्रधानाचार्या अभिनव निधि झा ने कहा कि बच्चों ने सीमित संसाधनों में भी अनुशासन और लगन से पढ़ाई कर एक मिसाल पेश की है।

### जनगणना सामाजिक न्याय की दिशा में क्रांतिकारी पहल: अनिल चंद्राकर

**गरियाबंद।** देश में आज़ादी के बाद पहली बार जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने इस ऐतिहासिक फैसले को मंजूरी दे दी। केंद्र सरकार द्वारा जाति आधारित जनगणना को मंजूरी देने के फैसले



की देशभर में सराहना हो रही है। इसी कड़ी में जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और सामाजिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया। अनिल चंद्राकर ने कहा यह फैसला करोड़ों वंचितों और पिछड़े वर्गों की आवाज़ को मजबूती देगा। अब सभी वर्गों की सही स्थिति सामने आएगी और उनके लिए योजनाएं ज़मीनी हकीकत के मुताबिक बनाई जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने यह फैसला लिया कि जाति जनगणना को मुख्य जनगणना प्रक्रिया के साथ ही कराया जाएगा। अनुमान है कि इसकी शुरुआत सितंबर में हो सकती है, जबकि अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में जारी होंगे।

### नवागांव स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा आठवीं में 86.8 प्रतिशत के साथ डोमेशवरी बरिहा प्रथम, 85.7 प्रतिशत के साथ हिना बरिहा द्वितीय व प्रेरणा निर्मलकर ने 84.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में गौरव निर्मलकर 83 प्रतिशत के साथ प्रथम, रुखमणी 82 प्रतिशत के साथ दूसरे व 81 प्रतिशत के साथ यामिनी तृतीय स्थान पर रहे।

**उद्घाटन:** डुमाघाट में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का भव्य उद्घाटन, जनप्रतिनिधियों ने किया संबोधित

# गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा व महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है भाजपा सरकार: गौरीशंकर कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुमाघाट में आज शुक्रवार को नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप एवं जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम का ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ फुलमाला से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लगभग 11 लाख 69 हजार रूपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदुर, युवा, महिलाओं और सभी वर्गो के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने पिछले डेढ़ वर्शो में जो एतिहासिक कार्य किया है वह अपने आप में एक मिशाल है आज गांव–गांव सड़क पुल पुलिया का निर्माण किया जा रहा है जरूरत और मांग के अनुरूप लगातार सामुदायिक भवन स्कूल भवन व अन्य निर्माण कार्य सीसी रोड़, रंगमंच, नाली निर्माण कार्य के साथ गांवो के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। श्री कश्यप ने कहा अब यहां नया आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से इसका लाभ बच्चो को मिलेगा उन्होने यहां हैंडपंप खनन करवाने की बात कही है।





विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा आज भी हमारे मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे इस क्षेत्र के ग्रामो में मुलभुत

**जनता के विकास के लिए लड़ेंगे : जिपं सदस्य**

बुनियादी सुविधाएं नही मिल पा रही है इस क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद के साथ उन्हे यह जिम्मेदारी सौपी है क्षेत्र की जनता के विकास के लिए यदि सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ी तो सड़क की लड़ाई लड़ा जायेगा।

जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम ने कहा छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार आज सभी क्षेत्रे में उल्लेखनीय कार्य कर रही है सरकार की सबसे बड़ी महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन का लाभ लाखो महिलाओ को मिल रहा है और इस योजना के प्रारंभ होने से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हुई है छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार और केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य कर रही है आज गरीबो के पक्का मकान बनाने का सपना पूरा हो रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य अभीराम ध्रुव, ग्राम पंचायत डुमाघाट के सरपंच यशवंत मरकाम, पूर्व सरपंच श्रीमति पानोबाई सोरी, ग्राम पुजारी भोलाराम, सचिव संतोश गुप्ता, किशोर मांझी, रतन यादव, चेतन ध्रुव, कुष्टोराम मरकाम, जागेश्वर ध्रुव, रघु मरकाम, अभयसिंह नागेश, डोमार सिंह, बसंती ध्रुव, दुलेश्वरी, त्रिवेणी सिन्हा, भारती सिन्हा, बलिराम मंडावी, ठाकुर मरकाम एवं सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत डुमाघाट के सरपंच यशवंत मरकाम ने उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने केन्द्र क्रमांक 01 में नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण, जीओ टावर लगाने, जनमन योजना के तहत डुमाघाट से फरसापारा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण करने, कांडसर रपटा मरम्मत करने, तालाब को अमृत सरोवर योजना के तहत सौन्दर्यीकरण करने की मांग किया गया। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों के लिए सामुहिक भोज का आयोजन भी किया गया था।

## नई पंचायत की शुरुआत किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत अकलवारा के प्रथम बेठक बाद तत्कालीन सरपंच दुर्गा ध्रुव को सम्मान पूर्वक श्री फल और साड़ी से सम्मानित पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा किया गया, ग्राम पंचायत अकलवाराके पूर्व सरपंच श्रीमती दुर्गा धुव्र ने सभी के प्रति आभार माना कि पंचायत संचालन में सबका सहयोग मिला,इस अवसर पर गोवर्धन दीवान सरपंच, उर्मिला निषाद उपसरपंच,सचिव धनेश साहू, पंचगण सुहागा बाई दीवान, टिकेश्वरी तांडी, भोज वाई दीवान, यादराम बघेल, हरा बाई दीवान, दुलारी बाई कंवर, सोनू लाल दीवान, तोकेशवर सेन, हीरो बाई ठाकुर, पन्ना लाल दीवान, राधिका निषाद, सोनू लाल दीवान, लेखराम धुव, बिरम बाई दीवान, लकेश्वरी दीवान, रोहित कुमार साहू, लकेश्वरी धुव, मन्नु राम निर्मलकर, गौतम सिंह, लाकेश कुमार आडवंशी, सीताराम सेन, बरातू साहू उपस्थित थे ।

## नवापारा कोसमी शाला में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा कोसमी संकुल केंद्र नवापारा में सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम संस्था प्रमुख चो वा रा म देवांगन द्वारा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों, पालकों शिक्षकों व अध्यनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में घोषित किया गया।

■ परिश्रम ही सफलता का एकमात्र सूत्र है : चोवाराम

उक्त अवसर पर संस्था प्रमुख ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता है परिश्रम ही सफलता का सूत्र एवं साधन है आज क क्षा छटवी से आठवीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है परीक्षा प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया कि कक्षा छठवीं में प्रथम लेख कुमार 90.6 % द्वितीय लेखन कुमार 88.16% तृतीय बसंती 85.83% कक्षा सातवीं में प्रथम कु आरती 89% द्वितीय कु पूजा 80.3% तृतीय कुमकुम नागेश 84.6% एवं कक्षा आठवीं में प्रथम चेतना साहू 89.83% द्वितीय स्वाति 72.5% तृतीय रत्ना 66.83% प्राप्त किए।शिक्षक राजकुमार लहरे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। कक्षा में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधान पाठक चोवाराम देवांगन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप एवं महिला समिति के अध्यक्ष ललिता सचिव यशोदा कोषाध्यक्ष मोहिनी साहू द्वारा शील्ड मेडल प्रगति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक गण पिलेश्वर कुमार साहू अखिलेश खरे जितेंद्र साहू उपस्थित रहे। सभी बच्चों एवं उपस्थित सदस्यों के लिए नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा किया गया।



मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

## मडवाडीह में हुआ गुड्डे-गुड़िया विवाह



**छुईहा बेलर।** ग्राम मडवाडिही के युवतियों द्वारा अक्षय तृतीया पर्व के उपलक्ष्य में गुड्डा गुड्डी का पारम्परिक विवाह का आयोजन किया गया। इस आनंदमय आयोजन में सहभागिता कर सभी का दिल जीत लिया। ग्राम के सभी ने पुतरा-पुतरी विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए और टीकावन रस्में निभा कर सांस्कृतिक सहभागिता का परिचय दिया। पुतरा-पुतरी विवाह कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ गुड्डे-गुड़ियों की बारात, मंडप सजाया और विवाह की पारंपरिक रस्मों का अनुकरण करते हुए अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।

### अक्ति तिहार पर बेलर में पुतरा-पुतरी विवाह

**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर में परंपरागत तरीकों से अक्ति तिहार के अवसर पर पुतरा पुतरी विधि विधान से शादी रचाई गई जिसमें सर्वप्रथम मंडप सजाने से शुरू होकर हल्दी रस्म, बारात प्रस्थान के साथ टिकावन रस्म किया गया जिसमें ग्राम बेलर के शिव चौक के समस्त ग्रामीण उपस्थित थे। साथ ही ग्राम की युवक, युवतियों, महिलाओं बुजुर्गों व बच्चों का पूरा सहयोग रहा। जिसमें



## छुरा राज सेन समाज के अध्यक्ष बने भवानी शंकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राज सेन समाज का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें चार पद के लिए नामांकन भरा गया ,अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,सचिव एवं कोषाध्यक्ष अध्यक्ष भवानी शंकर छुरा, उपाध्यक्ष गिरधारी सेन मढ़ेली, सचिव खेमराज सेन लोहझर एवं दिनेश सेन कनेसर का नामांकन निर्विरोध रहा, चुनाव प्रदेश के पदाधिकारीयो एवं प्रदेश चुनाव अधिकारियों द्वारा सम्पन्न कराया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष हीराधर सेन प्रदेश, कोषाध्यक्ष माखन सेन ,चन्द्र प्रकाश सेन ,टीकम शिव एवं चुनाव अधिकारी रामकुमार सेन ,मोहित सेन ,शिव सेन द्वारा प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया गया जिसमें छुरा राज से भी ओंकार ठाकुर ,चंद्रहास सेन ,विजय सेन, चिंताराम सेन, संतोष सेन ,गणेश सेन ,दिनेश सेन एवं समस्त सेन समाज उपस्थित थे ।

## बच्चे हमारी संस्कृति और परंपराओं को खेल-खेल में सीखते हैं : प्रवीण

**अक्ति पर्व पर पुतरा-पुतरी विवाह का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बेलर में विभिन्न सार्वजनिक चौक में बच्चों द्वारा गुड्डा गुड्डी की अक्ति पर्व की पराम्परिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हूये। वहीं कार्यक्रम में जनपद सदस्य व पुर्व सरपंच टायल साहू अपने पत्नि पंच निर्मला साहू, पुत्र प्रवीण साहू अध्यक्ष बेलर परिक्षेत्र साहू समाज, के साथ उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। और विभिन्न रिति रिवाज की रस्म अदायगी की।



अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि अक्ती तिहार हमारी लोक परंपरा का ऐसा उत्सव है जिसमें बचपन से ही बच्चे हमारी संस्कृति, रिश्तों और परंपराओं को खेल-खेल में सीखते हैं। जनपद सदस्य टायल साहू ने कहा अक्षय तृतीया जिसे अक्ती तिहार के नाम से भी जाना जाता है। यह एक विशेष सांस्कृतिक पर्व है जहां पर बच्चे मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों की शादी पूरी रीति-रिवाज के साथ करवाते हैं। इसे पुतरा-पुतरी का विवाह कहा जाता है। प्रतिवर्ष बच्चे की कार्यक्रम में शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ाते ही नहीं विवाह में शामिल रिश्ते नाते को समझना और परम्परा को जानने का उनको अवसर मिलता है। इस मौके पर साहू, गीता साहू,सौरभ साहू, राजन, अंत्री, लता, मनीषा, अरुण, रिद्धिमा घनाक्षी, प्रियंका, प्रीति योगमाया उपस्थित थे।

**हरिश्चंद्र, चित्र और प्रेम सिंह ने राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया जिले का मान**

# मास्टर एथलीटों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के तीन मास्टर एथलीटों ने राष्ट्रीय वेटरन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। हाल ही में इन खिलाड़ियों ने जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत से सौजन्य मुलाकात की, जहाँ शिक्षा अधिकारी ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं और बधाइयाँ दीं।

21 से 23 अप्रैल तक कर्नाटक के मैसूर स्थित चामुंडी स्टेडियम में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 2500 मास्टर एथलीट शामिल हुए थे। छत्तीसगढ़ से 42 खिलाड़ियों की टीम छत्तीसगढ़ मास्टर एथलेटिक्स संघ के महासचिव नवी मोहम्मद के नेतृत्व में शामिल हुई थी, जिसमें गरियाबंद से 8 एथलीट शामिल थे। जिनमें शा. उ. मा. विद्यालय कौंदकेरा में खेल शिक्षक के रुप में पदस्थ हरिश्चंद्र निषाद ने 55+ आयु वर्ग में 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, 10000 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। वहीं शा. उ. मा. विद्यालय मुरमुरा में व्याख्याता के रूप में पदस्थ चित्र नागेश ने 45+ आयु वर्ग में लान्ग जंप इवेंट में स्वर्ण पदक, 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। इधर, शा. उ. मा. विद्यालय मुरमुरा के ही विज्ञान सहायक के रूप में पदस्थ प्रेम सिंह नागेश ने लॉन्ग जंप में कांस्य पदक और रिले रेस में रजत पदक अपने नाम किया।



इसके अतिरिक्त, हरिश्चंद्र निषाद ने इसी सत्र में अलवर (राजस्थान) में आयोजित 44वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स में भी 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, चित्र नागेश ने चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स में 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। इन तीनों एथलीटों ने न केवल अपने विद्यालयों और कर्मचारियों संगठन का, बल्कि पूरे गरियाबंद जिले का गौरव बढ़ाया है।

संलग्न 02 जीवायबी फ़ोटो 401

